**सुविचार**

साहसी बनें, सबसे पहले बनें, अलग बनें, न्यायप्रिय बनें।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 39 | पंचकूला। सोमवार, 16 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### ईरान, यूएई, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी व बहरीन में सीबीएसई 12वीं की परीक्षाएं रद्द

**नई दिल्ली, 15 मार्च।** ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण मिडिल ईस्ट के कई देशों में 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं रद्द करने का फैसला लिया गया है। दरअसल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मध्य पूर्व के कई देशों में आयोजित होने वाली कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सीबीएसई का यह फैसला बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित सीबीएसई के सभी स्कूलों पर लागू होगा। इस संबंध में बोर्ड ने 15 मार्च को एक आधिकारिक सर्कुलर जारी किया है। बोर्ड का कहना है कि क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### उत्तराखंड में बर्फबारी, हिमाचल व हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि

**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में कई तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो रही है, वहीं नैनीताल में ओले गिरे हैं। हरियाणा में भी कई जगह बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट दिया है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का असर है। आज यूपी के 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**जम्मू, 15 मार्च।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने रविवार को घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सतर्क सैनिकों ने ऑपरेशन के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया। सेना ने बताया कि कार्रवाई अभी भी जारी है और इलाके में तलाशी अभियान चल रहा है। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली विशेष खुफिया सूचना के आधार पर यह संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का शंखनाद

## चुनाव आयोग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस : पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होगा मतदान, 4 मई को आएंगे नतीजे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार शाम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन राज्यों में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की. असम, केरल, तमिलनाडु और पुडेचेरी में एक चरण में और पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होंगे। पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे 4 मई, 2026 को घोषित होंगे।

तमिलनाडु में सिंगल फेज में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तीन राज्य केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज यानी 9 अप्रैल मतदान। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। इसके साथ इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों- यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता और 824 सीटें हैं।

### पश्चिम बंगाल

फेज 1 | 152 सीटें

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी |
|---|---|---|
| 30 मार्च | 6 अप्रैल | 7 अप्रैल |
| **नाम वापसी** | **वोटिंग** | **रिजल्ट** |
| 9 अप्रैल | 23 अप्रैल | 4 मई |

फेज 2 | 142 सीटें

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी |
|---|---|---|
| 2 अप्रैल | 9 अप्रैल | 10 अप्रैल |
| **नाम वापसी** | **वोटिंग** | **रिजल्ट** |
| 13 अप्रैल | 29 अप्रैल | 4 मई |



### मई में खत्म हो रहा कार्यकाल

पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ ही आचार संहिता लागू हो जाएगी और अप्रैल-मई में चुनावी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल विधानसभा का चुनाव 8 चरणों में कराया गया था। 2021 में सबसे पहले पश्चिम बंगाल का 7 मई, तमिलनाडु का 10 मई, असम का 20 मई और केरल विधान सभा का कार्यकाल 23 मई को पूरा हो रहा है। पुडुचेरी विधान सभा का कार्यकाल सबसे बाद यानी 15 जून को समाप्त हो रहा है।

| राज्य | मतदान | नतीजे |
|---|---|---|
| असम | 9 अप्रैल, 2026 | 4 मई, 2026 |
| केरल | 9 अप्रैल, 2026 | 4 मई, 2026 |
| पुडुचेरी | 9 अप्रैल, 2026 | 4 मई, 2026 |
| तमिलनाडु | 23 अप्रैल, 2026 | 4 मई, 2026 |

**पुडुचेरी- सबसे कम सीटों वाली विधानसभा :** 2021 में कांग्रेस सरकार गिरने के बाद AINRC-BJP गठबंधन ने सत्ता हासिल की और एन. रंगास्वामी एक बार फिर मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब BJP सत्ता में सीधे तौर पर भागीदार बनी। इस बार कांग्रेस DMK के साथ गठबंधन में वापसी की कोशिश कर रही है और सरकार गिरने के मुद्दे को एंटी-इनकम्बेंसी में बदलना चाहती है।

## सतलुज समूह के एमडी रीकृत सेराय को सीएम ने किया सम्मानित

पंचकूला ऑब्जर्वर




**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सतलुज समूह के प्रबंध निदेशक रिकृत सेराय को को हरियाणा में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रीकृत सेराई के नेतृत्व में सतलुज समूह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। संस्था इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव भी मना रही है। सम्मेलन में कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इनमें हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, विपुल गोयल, श्रुति चौधरी और कृष्ण बेदी शामिल रहे।

इसके अलावा भाजपा नेत्री बंतो कटारिया, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) पंचकूला चंद्रकांत कटारिया और पुलिस उपायुक्त पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने उन्हें बधाई दी। रिकृत सेराय ने कहा कि यह सम्मान सतलुज समूह की मजबूत शैक्षणिक परंपरा, संस्थागत नेतृत्व और हरियाणा में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उनके निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। संस्था पिछले कई दशकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य कर रही है।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर न मिलने से व्यापार प्रभावित

पंचकूला ऑब्जर्वर







**पंचकूला।** आसपास के इलाकों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम जनजीवन और व्यापार की कमर तोड़ दी है।

कांग्रेस नेता एसपी अरो?ा ने कहा कि आज आम आदमी की रसोई महंगाई की आग में जल रही है। घरेलू गैस सिलिंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और सप्लाई भी घटती जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। सरकार जनता की परेशानी को समझने के बजाय आंखें मूंदे बैठी है। एक तरफ गैस की उपलब्धता कम हो रही है और दूसरी ओर कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे आम परिवारों के लिए रसोई चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

इनेलो के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति ठप होने और गैस के दाम बढ़ने का सीधा असर रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और घरों की रसोई पर पड़ने लगा है। गैस महंगी होने से खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ गई है, जिससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इधर रिफाइंड तेल के दाम भी 10 से 20 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ गए हैं, जिससे खाने-पीने की चीजें और महंगी होने की आशंका है। दूध उद्योग भी इस संकट से अछूता नहीं है। केवल अमूल के पास बिजली से संचालित दूध प्रोसेसिंग प्लांट है, जबकि अधिकांश छोटी डेयरी कंपनियां एलपीजी गैस पर निर्भर हैं। गैस महंगी होने से उनके उत्पादन खर्च में भी इजाफा हुआ है।

समाजसेवी बाबी सिंह ने कहा कि पैकेजिंग और अन्य जरूरी सामग्रियों की कीमतों में भी उछाल आया है। पानी की छोटी बोतलों की एक पेटी करीब 20 रुपये महंगी हो गई है, जबकि पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले पॉलीथिन और प्रोपलीन के दाम 80 से 90 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। अगर जल्द ही गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में खाने-पीने की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं।

## युवक पर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** रायपुर रानी थाना टीम ने रास्ता रोककर युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार और हथियार भी बरामद किए हैं।

9 मार्च को थाना रायपुररानी में सूचना प्राप्त हुई कि रायपुररानी-नारायणगढ़ रोड पर तहसील रायपुररानी के नजदीक लड़ाई-झगड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां एक क्षतिग्रस्त कार सड़क के किनारे खड़ी मिली तथा उसके शीशे टूटे हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी रायपुररानी ले जाया गया है। जहां से घायल को आगे उपचार के लिए सेक्टर-6 पंचकूला के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। मौली वासी घायल युवक ने पुलिस को बताया था कि करीब एक साल पहले उसकी बरवाला निवासी विक्रांत उर्फ चिन्टू के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके चलते वह उससे रंजिश रखने लगा था।

### रणबीर ने डंडे से, विक्रांत ने गंडासी से किया वार

पीड़ित ने बताया था कि रणबीर उर्फ रनिया ने डंडे से उसके कंधे व बाजुओं पर वार किया, जबकि विक्रांत उर्फ चिन्टू ने गंडासी से उसके सिर पर वार करने की कोशिश की जिसे उसने हाथ से रोक लिया जिससे उसके हाथ पर गंभीर चोट लगी वहीं अन्य युवकों ने भी डंडों से कार को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर आसपास लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपित हथियारों सहित मौके से फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।

घायल के अनुसार 9 मार्च को वह अपने रिश्तेदारों के साथ महावीर फार्म रायपुररानी में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपनी कार से घर लौट रहा था। जब वह रायपुररानी तहसील कार्यालय के पास पहुंचा तो अचानक एक सफेद स्विफ्ट कार उसके सामने आकर रुक गई और पीछे से भी एक अन्य कार आकर खड़ी हो गई। दोनों गाड़ियों से कुछ युवक डंडे, बिंडे और गंडासियां लेकर बाहर आए और उसकी कार पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## पिकअप में चंडीगढ़ से उत्तराखंड जा रही अवैध शराब की खेप को ईआरवी ने पीछा कर पकड़ा

**पंचकूला।** पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के चलते मध्यरात्रि में अवैध शराब से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ने में सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार ईआरवी-520 की टीम ने गत मध्यरात्रि गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। सूचना के आधार पर टीम ने एक पिकअप गाड़ी का पीछा किया और नग्गल गांव के पास उसे रोक लिया। इसके बाद वाहन को जांच के लिए रामगढ़ पुलिस चौकी लाया गया। रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिंदर पाल सिंह की अगुवाई में

- **50 पेटी में 600 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, हरिद्वार का युवक गिरफ्तार, आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर**

पुलिस टीम ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिनमें कुल 600 बोतल शराब पाई गई। पुलिस ने मौके से चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसकी पहचान निखिल रस्तोगी उम्र 24 वर्ष निवासी जिला हरिद्वार, उत्तराखंड के रूप में हुई है। जांच के दौरान आरोपी के पास शराब से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत थाना चंडीमंदिर में मामला दर्ज कर लिया और शराब को कब्जे में ले लिया।

इस मामले में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह अवैध शराब चंडीगढ़ से उत्तराखंड ले जाई जा रही थी। पुलिस रिमांड के दौरान इस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच की जाएगी और इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## 108 कुंडीय समष्टि श्री हनुमान चालीसा महायज्ञ का भव्य आयोजन

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** चिन्मय अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चिन्मय मिशन पंचकूला की ओर से 108 कुंडीय समष्टि श्री हनुमान चालीसा महायज्ञ का भव्य आयोजन रविवार को अनाज मंडी सेक्टर-20, पंचकूला में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे चिन्मय आश्रम से हुई।

यहां भगवान श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बड़ी संख्या में यजमान और श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ यज्ञ स्थल अनाज मंडी सेक्टर-20 पहुंचे। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर चिन्मय मिशन मुंबई के आचार्य स्वामी स्वात्मानंद जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मिशन के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद जी द्वारा प्रारंभ की गई चिन्मय लहर की 75 वर्ष की प्रेरणादायी यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ के आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना तथा लोगों को भारतीय धर्म और संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने 21 बार सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद 108 कुंडीय हवन में आहुति देकर पूर्णाहुति की गई। अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

**कोर्स** | योगासन प्रतियोगिताओं की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु पंचकूला में राष्ट्रीय योग रेफरी प्रशिक्षण

## राष्ट्रीय योग रेफरी प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को मिला प्रशस्ति पत्र

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** योगा खेल में निर्णयन की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सटीक निर्णय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय योग रेफरी प्रशिक्षण रिफ्रेशर कोर्स का पंचकूला स्थित दास एंड ब्राउन एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल में सफलतापूर्वक समापन हुआ, यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 15 मार्च 2026 तक योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन तथा हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए लगभग 100 से अधिक राष्ट्रीय योग रेफरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, प्रशिक्षण के दौरान योगासन प्रतियोगिताओं के नियम, मूल्यांकन प्रणाली, स्कोरिंग तकनीक तथा प्रतियोगिताओं में आधुनिक तकनीक के उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, प्रशिक्षण के अंतिम दिन आयोजित सत्र में हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के सचिव एवं योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव अरिंदम मित्रा ने रेफरियों को वाईआरएस सॉफ्टवेयर के उपयोग तथा प्रतियोगिताओं में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी, इसके अतिरिक्त पंजाब योग एसोसिएशन के सचिव विशाल गोयल द्वारा योगासन प्रतियोगिताओं में आयोजित होने वाले म्यूजिकल इवेंट से संबंधित नियमों, प्रस्तुति शैली और मूल्यांकन प्रणाली पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया।

समापन अवसर पर आयोजित वैलिडिक्ट्री समारोह में इस रिफ्रेशर कोर्स में 14 से 15 मार्च 2026 तक भाग लेने वाले सभी राष्ट्रीय योग रेफरियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, पंजाब योग एसोसिएशन के सचिव, विशाल गोयल तथा हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के सचिव अरिंदम मित्रा व मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जनक राज सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के राष्ट्रीय योग रेफरियों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए योग रेफरियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को योगासन खेल के विकास, पारदर्शिता और प्रतियोगिताओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे योगासन खेल को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

# अमृतसर में सीमा पार से संचालित तस्करी मॉड्यूलों से जुड़े 6 आरोपी काबू, तीन पीएक्स-5.7 सहित छह पिस्तौल बरामद

- गिरफ्तार व्यक्ति पाकिस्तान-आधारित तस्करों के संपर्क में थे और भारत-पाक सीमा के निकट से खेप प्राप्त कर रहे थे: डीजीपी गौरव यादव



पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर, 15 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह आधुनिक पिस्तौल और 3.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर सीमा पार से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के दो अलग-अलग मॉड्यूलों का पर्दाफाश किया है।

यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान करन सिंह (26), गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22), राकेश उर्फ केशू (26), चमकौर सिंह उर्फ चमकौर (23) – चारों निवासी खेमकरण, जिला तरनतारन – तथा मख्खनदीन उर्फ मख्खन (22) निवासी नाग कलां, अमृतसर और जसबीर सिंह उर्फ बीरा उर्फ रघु (19) निवासी गांव मूलेचक्क , अमृतसर के रूप में हुई है।

बरामद किए गए हथियारों में तीन पीएक्स 5.7 गुना 28 एमएम टीआईएसएएस (तुर्की) पिस्तौल, दो .30 बोर और एक 9 एमएम पिस्तौल के अलावा 60 जिंदा कारतूस भी शामिल हैं। इस कार्रवाई में बरामद किए गए आधुनिक ऑटोमैटिक पीएक्स 5.7 गुना 28 एमएम टीआईएसएएस तुर्की सीरीज़ के पिस्तौल नवीनतम हथियार हैं और यह दुर्लभ बरामदगियों में से एक माने जाते हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पाकिस्तान-आधारित तस्करों से संबंधों का खुलासा हुआ है, जो ड्रोन के माध्यम से भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपी सीमा पार के एक हैंडलर के अधीन काम कर रहे थे, जिससे संकेत मिलता है कि यह एक बड़ा संगठित तस्करी नेटवर्क हो सकता है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके।

पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गश्त और तलाशी के दौरान पुलिस टीमों ने मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों – करन सिंह और गुरप्रीत उर्फ गोपी – को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से दो टीआईएसएएस तुर्की पिस्तौल, मैगजीन और 20 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने आगे बताया कि इन आरोपियों के खुलासे के बाद जांच के दौरान गोला-बारूद सहित एक और टीआईएसएएस तुर्की पिस्तौल और एक .30 बोर पिस्तौल बरामद की गई।

इस संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं– थाना गेट हकीमा में आर्म्स एक्ट की धारा 25(8) के तहत एफआईआर नंबर 59 दिनांक 08-03-2026, थाना छेहरटा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी और 21-बी के तहत एफआईआर नंबर 53 दिनांक 10-03-2026, और थाना वेरका में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी के तहत एफआईआर नंबर 27 दिनांक 08-03-2026 दर्ज की गई है।

### गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीकी गांवों से संबंधित

डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीकी गांवों से संबंधित हैं, जिससे सीमा पार से इन हथियारों की तस्करी में उन्हें मदद मिली। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने सप्लायर का खुलासा किया, जिसकी पहचान मख्खनदीन उर्फ मख्खन के रूप में हुई। बाद में उसे एक .30 बोर पिस्तौल, मैगजीन और गोला-बारूद सहित गिरफ्तार कर लिया गया। सीपी ने बताया कि इसी तरह की एक अन्य कार्रवाई में पुलिस टीमों ने संदिग्ध राकेश उर्फ केशू और चमकौर सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 200 ग्राम हेरोइन बरामद की। उनके खुलासे पर 800 ग्राम और हेरोइन बरामद की गई, जिससे इस मामले में हेरोइन की कुल बरामदगी 1 किलोग्राम हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने आगे की कार्रवाई करते हुए जसबीर सिंह उर्फ बीरा उर्फ रघु को 2.5 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर लिया।

# आईटी और आईटीईएस सत्र में प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 को मिला भरपूर समर्थन

- भगवंत मान सरकार का लक्ष्य प्रशासन, अकादमिक और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित कर मोहाली को टियर-1 आईटी हब के रूप में विकसित करना: सीमा बंसल




पंचकूला ऑब्जर्वर

**एसएएस नगर, 15 मार्च।** आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को समर्पित सत्र के दौरान प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 को निवेशकों की ओर से उत्साहजनक समर्थन मिला। ÷पंजाब ऑफरू प्रमोटिंग जीसीसीज़ विद स्पीड, क्लैरिटी एंड आफ्टर केयर÷ विषय पर आयोजित इस सत्र में तकनीकी निवेश, डिजिटल नवाचार और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की स्थापना के लिए पंजाब की बढ़ती संभावनाओं को रेखांकित किया गया।

सत्र में बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। सत्र को संबोधित करते हुए पंजाब डेवलपमेंट कमीशन (पीडीसी) की वाइस चेयरपर्सन सीमा बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार एसएएस नगर (मोहाली) को आईटी क्षेत्र में टियर-1 शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रशासनिक सुधार, मजबूत अकादमिक ढांचा और आधुनिक बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख स्तंभों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सीमा बंसल ने बताया कि राज्य में पहले से स्थापित कई विनिर्माण उद्योग अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उन्नत तकनीकों को शामिल कर रहे हैं। इससे न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ रही है बल्कि उद्योगों में नवाचार और दक्षता को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब तकनीकी निवेश के लिए तेजी से एक आकर्षक गंतव्य बन रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरेंद्र कुमार तिवाड़ी ने औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति 2026 के तहत आईटी और आईटीईएस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईटी इकाइयों को 10 से 15 वर्षों तक 75 प्रतिशत शुद्ध एसजीएसटी प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। इसके अलावा पाँच वर्षों तक प्रति कर्मचारी प्रति माह 5000 रुपये की रोजगार सृजन सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि निवेशक स्थिर पूंजी निवेश के 20 प्रतिशत तक पूंजी सब्सिडी का लाभ ले सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 10 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त 10 से 15 वर्षों तक बिजली शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट का भी प्रावधान किया गया है, जिससे उद्योगों की परिचालन लागत में कमी आएगी और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के लिए विशेष प्रोत्साहनों का उल्लेख करते हुए तिवाड़ी ने बताया कि राज्य सरकार पहले 10 जीसीसी इकाइयों को पाँच वर्षों तक प्रति कर्मचारी प्रति माह 7500 रुपये की रोजगार सृजन सब्सिडी प्रदान करेगी।

# पंजाब सरकार ने छोटे, लघु व मध्यम उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित रणनीति अपनाई: संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 15 मार्च।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) भारत की जीडीपी वृद्धि में लगभग 25 से 30 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यालयों में कार्य के लिए दैनिक स्तर पर अधिक से अधिक आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के उपयोग पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा हैं और देश की प्राकृतिक निर्माण मशीन भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार एमएसएमई के आधुनिकीकरण और विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने उद्योगपतियों को उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए केवल मार्केटिंग पर निर्भर रहने के बजाय कीमत और गुणवत्ता पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में बड़ी संख्या में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं।

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार लगभग 1.6 लाख एमएसएमई इकाइयों के मजबूत आधार के साथ एक समर्पित एजेंसी स्थापित करने की योजना बना रही है, जो एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक गतिशील और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदलने में सहायक होगी। यह एजेंसी पंजाब में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, वित्त, प्रौद्योगिकी, बाजार और कौशल तक पहुंच को बेहतर बनाने तथा क्लस्टर आधारित विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एकल संस्थागत मंच के रूप में कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब एमएसएमई क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए क्लस्टर आधारित रणनीति अपनाएगा, जिससे बड़े पैमाने पर उत्पादन, सुविधाओं की साझेदारी और सामूहिक कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। राज्य का उद्देश्य क्लस्टर विकास योजनाओं के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाना है। इस एमएसएमई सत्र के दौरान रुधरा प्रताप (कुलपति, प्लाक्शा यूनिवर्सिटी), धर्मेश गोस्वामी (पार्टनर, केपीएमजी), भूपिंदर पाल सिंह आनंद (डायरेक्टर, जल बाथ फिटिंग्स), मनबीर सिंह (डायरेक्टर, आईईई एलिवेटर्स) और राजेश मेहरा (एमडी, एक्टिव क्लोथिंग) ने भी भाग लिया।

लाइट, कैमरा, एक्शनः नई फिल्म नीति के साथ पंजाब के सिल्वर स्क्रीन के सपने उड़ान भरने को तैयार

# पंजाब ने सिंगल विंडो प्रणाली के साथ कारोबार और फिल्म शूटिंग के लिए दरवाजे खोले: पन्नू

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 15 मार्च।** पंजाब को फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ÷पंजाब फिल्म प्रमोशन नीति 2026÷ लागू की है। निवेश को आकर्षित करने के लिए तैयार की गई इस नीति में कई लाभकारी और लचीले प्रावधान शामिल किए गए हैं। इस विषय पर चर्चा मोहाली स्थित प्लाक्शा यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 के दौरान मीडिया और मनोरंजन सत्र में आयोजित पैनल चर्चा में की गई, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों और अधिकारियों ने पंजाब में फिल्म उद्योग के लिए उपलब्ध संभावनाओं पर विस्तार से विचार साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब सरकार हर फिल्मकार, निवेशक और रचनात्मक प्रतिभा का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार फिल्म उद्योग को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब फिल्म शूटिंग के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे अनुमति प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब की नकारात्मक छवि प्रस्तुत करने वाले बिचौलियों का दौर समाप्त हो चुका है और फिल्म निर्माताओं को अब सीधे सरकारी सहयोग मिलेगा। पन्नू ने कहा कि पंजाब मुख्यमंत्री का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे साकार करने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब की ÷पंजाबियत÷ और सांस्कृतिक ऊर्जा इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में एक फिल्म प्रोडक्शन यूनिट को आई समस्या को अधिकारियों ने तुरंत हल कर दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार फिल्म उद्योग के साथ पूरी तरह सहयोगी रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग अनुमतियों को और अधिक सुगम बनाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने की योजना बनाई जा रही है।

राज्य के बुनियादी ढांचे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में दो अंतरराष्ट्रीय और चार घरेलू हवाई अड्डे हैं, जिससे दुनिया भर में बसे पंजाबी आसानी से यहां आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब एनआरआई भी प्री-वेडिंग फोटोशूट, मेडिकल टूरिज्म और व्यापारिक गतिविधियों के लिए पंजाब को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस अवसर पर इनवेस्ट पंजाब के सीईओ अमित ढाका ने बताया कि सरकार फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री और वेब सीरीज़ के निर्माण खर्च पर 25 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति प्रोजेक्ट 3 करोड़ रुपये तक है। पंजाबी भाषा की फिल्मों के लिए 30 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान है, जो प्रति फिल्म अधिकतम 3.5 करोड़ रुपये तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि नीति के तहत फिल्म सिटी, फिल्म स्टूडियो, वीएफएक्स स्टूडियो और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए 20 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की कुल भूमि और आबादी में पंजाब का हिस्सा भले ही छोटा हो, लेकिन सांस्कृतिक प्रभाव के मामले में पंजाब का योगदान बेहद व्यापक है।

इस अवसर पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के सचिव रामवीर ने कहा कि पंजाबी समाज की आत्मा हमेशा उसके मीडिया और सिनेमा के माध्यम से अभिव्यक्त होती रही है। उन्होंने बताया कि पंजाबी पत्रकारिता का विकास 19वीं सदी के प्रिंट मीडिया से लेकर आज के डिजिटल युग तक निरंतर आगे बढ़ता रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की 'चढ़दी कला' की भावना ही पंजाबी भाषा और संस्कृति को भारतीय सिनेमा तथा अन्य कलाओं में मजबूत पहचान दिलाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाबी फिल्म उद्योग तेजी से विकास के दौर से गुजर रहा है और दुनिया भर में बसे पंजाबी प्रवासियों के साथ इसका गहरा जुड़ाव है।

# प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026-फर्नीचर और प्लाई उद्योग पर सत्र

- लकड़ी आधारित कृषि वानिकी को पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बताया गया




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 15 मार्च।** प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन (पीपीआईएस)-2026 के तीसरे और अंतिम दिन राज्य में प्लाईवुड और फर्नीचर उद्योग के विकास से संबंधित विषयों पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें इस क्षेत्र की संभावनाओं, कच्चे माल की उपलब्धता और पर्यावरणीय संतुलन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। वन एवं वन्यजीव संरक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रियांक भारती ने अपने उद्घाटन भाषण में एग्रो फॉरेस्ट्री (कृषि वानिकी) को फर्नीचर और प्लाई उद्योग के लिए कच्चे माल का एक महत्वपूर्ण स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल आर्थिक दृष्टि से व्यवहारिक है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत टिकाऊ है।

उन्होंने लकड़ी आधारित कृषि वानिकी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि एग्रो फॉरेस्ट्री को वृक्ष संरक्षण विधेयक से छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जो फिलहाल प्रक्रिया में है। इस कदम से किसानों को अपने खेतों में लकड़ी देने वाले पेड़ों की खेती के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और उद्योग को भी स्थायी कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा।

सत्र के दौरान आयोजित पैनल चर्चा में विरगो पैनल्स के प्रबंध निदेशक नरेश तिवाड़ी, सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स में हैंड मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट से जुड़े सुनील शेखावत, सावित्री वुड्स के निदेशक मुकेश गोयल तथा पंजाब प्लाईवुड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह सोहल ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

पैनल सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के लिए कुशल श्रमिकों की सुरक्षा और प्रशिक्षण को आवश्यक बताया। इसके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन प्रक्रियाओं को अपनाने और टिकाऊ औद्योगिक विकास पर भी बल दिया गया।

चर्चा के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि सफेदा और पॉपलर जैसे तेजी से बढ़ने वाले वृक्षों की खेती खाली पड़ी भूमि पर की जा सकती है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और उद्योग को लकड़ी का स्थायी स्रोत भी मिलेगा। विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसी कृषि वानिकी प्रणाली ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# गैंगस्टरां ते वार का 54वां दिन: 529 स्थानों पर छापेमारी; 196 काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 15 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के 54वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मैप किए गए 529 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक निर्णायक मुहिम है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं। 54वें दिन पुलिस टीमों ने 196 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चार हथियार बरामद किए। इसके साथ ही अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 14,722 हो गई है।

इसके अलावा 70 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जबकि 107 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने तीन भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को 379वें दिन भी जारी रखते हुए आज 80 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 9 किलो हेरोइन, 700 ग्राम अफीम, 5 किलो भुक्की, 2457 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 10,400 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

इसके साथ ही पिछले 379 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 53,712 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 33 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार भी किया है।

# प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन को सकारात्मक समर्थन मिला, निवेशकों ने उद्योग-पक्षीय नीतियों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मोहाली, 15 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा प्लाक्शा यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन को निवेशकों से भरपूर और सकारात्मक समर्थन मिला।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए नाहर ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के चेयरमैन कमल ओसवाल ने कहा कि तीन दिनों के इस निवेशक सम्मेलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब एक बार फिर उद्योग, निवेश और विकास के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन ने दिखाया है कि देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों द्वारा महत्वपूर्ण निवेश घोषणाओं के साथ पंजाब एक आकर्षक निवेश और औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान घोषित निवेश प्रस्तावों से पंजाब में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब पंजाब के औद्योगिक विकास की गति धीमी पड़ गई थी और उद्योग राज्य से बाहर जाने की सोच रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य में भरोसे का वातावरण बना है और निवेश-अनुकूल माहौल को फिर से जीवंत किया गया है। उन्होंने कहा कि निवेशक एक बार फिर पंजाब की ओर देख रहे हैं और राज्य देश के औद्योगिक राज्यों में अपना सम्मानजनक स्थान फिर से हासिल करेगा। कमल ओसवाल ने मोहाली में डेटा सेंटर स्थापित करने के अलावा मौजूदा इकाइयों, टेक्सटाइल और नवीकरणीय ऊर्जा के आधुनिकीकरण में 1500 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा भी की।

अरिसुदाना इंडस्ट्रीज़ के एम.डी. गगन खन्ना ने उद्योग के लिए निरंतर और प्रोत्साहनपूर्ण सहयोग के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पंजाब जल्द ही औद्योगिक विकास में तेज़ी देखेगा और देश का नंबर एक औद्योगिक राज्य बन जाएगा। टाइनर के एम.डी. पी.जे. सिंह ने प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन को निवेश के अवसरों को सामने लाने के लिए एक उपयुक्त मंच बताया। उन्होंने निराशा के दौर से गुजर रहे पंजाब को फिर से प्रगति के मार्ग पर लाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की सराहना की जानी चाहिए क्योंकि वह उद्योगों के मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पंजाब सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण को देखते हुए कंपनी अगले तीन वर्षों में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिसका लक्ष्य 100 देशों में नंबर एक कंपनी बनना है। उन्होंने कहा कि यह हाल के समय के सबसे बेहतर और संतोषजनक सम्मेलनों में से एक था।



प्लाक्शा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रुद्र प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि प्लाक्षा में व्यापारिक और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों का एक साथ मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए पहले ही 950 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। उन्होंने मानव संसाधन और बौद्धिक पूंजी को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय में 5000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजनाओं की भी घोषणा की, जिससे पंजाब को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उद्यम का केंद्र बनाया जा सके। सनातन पॉलीकोट के संयुक्त प्रबंध निदेशक अजय दतानी ने कहा कि तीन दिनों के इस असाधारण कार्यक्रम ने राज्य में उद्योग को और मजबूत करने के लिए पंजाब सरकार की सुविचारित योजना और प्रतिबद्धता को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब औद्योगिक निवेश के लिए सबसे विश्वसनीय स्थानों में से एक बनकर उभर रहा है, क्योंकि यह न केवल निवेश आकर्षित कर रहा है बल्कि राज्य, राष्ट्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उद्योग को अधिक सक्षम बनाने में भी योगदान दे रहा है।

### व्यापारिक वातावरण में नई ऊर्जा पैदा

इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए शिंगोरा टेक्सटाइल्स के अमित जैन ने पंजाब के आर्थिक विकास को तेज़ करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के उद्योग और व्यापारिक वातावरण में नई ऊर्जा और आशावाद पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट पंजाब बड़े पैमाने पर निवेशकों को आकर्षित कर रहा है और वे पंजाब को विकास की नई मंज़िल के रूप में देख रहे हैं। इस सम्मेलन ने पंजाब में औद्योगिक विकास के अगले चरण पर मुहर लगा दी है। डी.ई. ह्यूजेस एनिमल न्यूट्रिशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के रटगर ओडेजांस, जो डच नागरिक हैं और इन दिनों पंजाब में रह रहे हैं, ने कहा कि कंपनी किसानों की सहायता और कृषि को मजबूत करने के मिशन पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी 23 देशों में 120 फ़ीड मिलों के माध्यम से दुनिया भर में 16 मिलियन मीट्रिक टन फ़ीड का उत्पादन करती है।

# वकालत केवल पेशा नहीं, जनसेवा का सशक्त माध्यम भी है: नायब सैनी

## डिजिटल युग में वकील नई तकनीकों को अपनाकर न्याय प्रक्रिया को करें मजबूत

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 15 मार्च।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वकालत केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि न्याय, मानवता और जनसेवा का सशक्त दायित्व है। उन्होंने कहा कि वकील लोकतंत्र की न्यायिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो न केवल समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों की स्थापना और राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री रविवार को उनके निवास संत कबीर कुटीर पर चंडीगढ़ व पंजाब से लीगल सेल से जुड़े वकीलों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का क्षेत्र केवल विधिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा का माध्यम भी है। उन्होंने युवा वकीलों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी ऊर्जा, ज्ञान और उत्साह को समाजहित में समर्पित करें तथा अपने पेशे को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखकर राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी युवा वकीलों को प्रेरित करते हुए आह्वान किया है कि वे अपनी ऊर्जा, ज्ञान और उत्साह को समाज की भलाई के लिए समर्पित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वे वकीलों के बीच होते हैं, तो स्वयं को मानवता के रक्षकों के बीच पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही गर्व की बात है कि भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस सूर्य कांत हरियाणा के रहने वाले हैं। उन्होंने हरियाणा की धरती से निकलकर न्याय के सर्वोच्च शिखर को स्पर्श किया है। इस काउंसिल ने उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, देश के कानून व रेल मंत्री, पंजाब व हरियाणा के एडवोकेट जनरल, एडिशनल सालिसिटर जनरल, चण्डीगढ़ के सांसद व मेयर आदि प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल के अंतर्गत हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के वकीलों की संख्या काफी अधिक है और यह संगठन नए आने वाले वकीलों को भी प्रोत्साहित करता है और कानून की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में कानून के क्षेत्र में भी तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं और नई तकनीकें वकीलों के लिए अवसरों के नए द्वार खोल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने वकीलों से आह्वान किया कि वे इन तकनीकों को अपनाएं और न्याय प्रक्रिया को अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि वकीलों को अपने नैतिक मूल्यों को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए। उनकी वकालत केवल उनकी योग्यता का प्रमाण न होकर उनके चरित्र, नैतिक प्रतिबद्धता और न्याय के प्रति समर्पण का भी परिचायक होनी चाहिए।

# आधुनिक दौर में युवक युवती परिचय सम्मेलन जरूरी हैं: रेनू बाला गुप्ता

- श्री अग्रवाल युवकयुवती परिचय सम्मेलन में सत्तर रिश्ते हुए , एक हजार पंजीयन हुए

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल, 15 मार्च।** मेयर रेनू वाला गुप्ता नेकहा है कि आज के दौर में जीवन साथी के चयन की दिशा में सहायक साबितहो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शादी व्याह जैसे रिश्तों के लिए मीडियेटर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। दोनों परिवारों के बीचपरिचय सम्मेलन मीडिएटर की भूमिका निभा सकते हैं।

वह करनाल में अग्रवालयुवा संगठन द्वारा महाराजा अग्रसैन वैश्य भवन सैक्टर आठ में आयोजित 26 वेंयुवक युवती परिचय सम्मेलन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं।कार्यक्रम में भाजपा नेता ब्रज गुप्ता विषेष तौरपर मौजूद थे। इस अवसर परविशिष्ट अतिथि के रुप में डा् प्रदीप कुमार जैन, नगरपालिका के चेयरमैनविरेंद्र बंसल, राजकुमार गोयल प्रमोद बंसल, अमित गर्ग मौजूद थे। कार्यक्रम काआगाज दीप



प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि ने किया। इस अवसर पर देश के विभिन्नभागों से अपने बच्चों के लिए जीवन साथी का चयन करने के लिए पहुंचे थे।

कार्यक्रम के आयोजक रमेश जिंदल ने बताया कि 2001 में परिचय सम्मेलन कीशुरुआत हुई थी। पिछले पच्चीस सालों से यह सिलसिला जारी हैं। उन्होंनेबताया कि इन सालों में पंद्रह से बीस हजार रिश्ते हो चुके हैं। इस दौरमें लाखों युवाओं ने परिचय दिए। उन्होंने कहा कि सौ युवक युवतियों नेइस अवसर पर परिचय दिया। इस अवसर पर सत्तर रिश्ते तय हुए। उन्होंने कहाकि जो भी जरूरतमंदों के रिश्ते इसअवसर पर हुए उनके लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 मार्च को होगा। इसउन्होंने कहा कि लगभग एक हजार युवाओं ने परिचय के लिए पंजीयन करवाए।इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवीसुरेंद्र गोयल, हरीश अग्रवाल योगेश सुरेंद्र सुनील गुप्ता, भूषण गोसलसुरेंद्र जैन, अरविंद चौहान,गौतम जैन, मीनाक्षी जैन, सुमन जैन, स्वाति वंदनागुप्ता गुप्ता, अनामिका जैन आदि उपस्थत थे।

## 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी बैंक घोटाले में दो अधिकारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ 15 मार्च।** हरियाणा के सरकारी विभागों के खातों से जुड़े करीब 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी बैंक घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि दोनों अधिकारियों ने बैंक कर्मचारियों के साथ मिलकर सरकारी धन की हेराफेरी की साजिश रची थी।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। एसीबी ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड में तैनात नियंत्रक वित्त एवं लेखा राजेश सांगवान और हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद में कार्यरत नियंत्रक वित्त एवं लेखा रणधीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि दोनों अधिकारियों ने जानबूझकर वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया और बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर सरकारी धन के दुरुपयोग की योजना बनाई।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, अधिकारियों ने विभागीय धनराशि को फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करने की अनुमति दी, लेकिन बैंक प्रबंधन ने उस राशि को एफडी में जमा करने के बजाय शेल कंपनियों में डायवर्ट कर दिया। आरोप है कि इस पूरे मामले में अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई और इसके बदले बड़ी रकम रिश्वत के रूप में प्राप्त की।

## हरियाणा सुपर 100 शैक्षणिक सत्र 2026-28 लेवल-1 प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

### जिले से 134 विद्यार्थियों ने हरियाणा सुपर 100 लेवल-1 परीक्षा में पाई सफलता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 15 मार्च।** हरियाणा सरकार की शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर 100 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए आयोजित लेवल-1 प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा 11 फरवरी 2026 को पूरे राज्य में ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई थी। यह परीक्षा प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदेश भर में कुल 178 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। घोषित परिणाम के अनुसार 2113 विद्यार्थी लेवल-2 के लिए क्वालिफाई हुए हैं, जबकि लगभग 650 से अधिक विद्यार्थियों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। जिला कैथल से 134 विद्यार्थियों ने हरियाणा सुपर 100 लेवल-1 परीक्षा में



सफलता प्राप्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने कहा कि हरियाणा सुपर 100 योजना राज्य सरकार की एक उत्कृष्ट पहल है, जो आर्थिक रूप से साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी का अवसर प्रदान करती है।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की प्रतिभा निरंतर निखर रही है और इसका परिणाम इस परीक्षा में देखने को मिला है। लेवल-1 में सफल विद्यार्थियों को लेवल-2 चयन प्रक्रिया के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस कुरुक्षेत्र में आमंत्रित किया जाएगा। इस चरण में विद्यार्थियों को 3 दिनों के विशेष रेजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रखा जाएगा जहां विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके पश्चात विद्यार्थियों का मूल्यांकन परीक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

हरियाणा सुपर 100 योजना का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए सक्षम बनाना है। परीक्षा पास करने वालों में खंड गुहला से 23 विद्यार्थी, खंड कैथल से 21 विद्यार्थी, खंड कलायत से 21 विद्यार्थी, खंड पुंडरी से 30 विद्यार्थी, खंड राजौंद से 21 विद्यार्थी और खंड सीवन से 18 विद्यार्थी शामिल हैं।

## स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा नंदू गैंग से जुड़े 2 अन्य आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 15 मार्च।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने नंदू गैंग से जुड़े 2 अन्य आरोपियों को भी काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एचसी हरीश कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुंडरी से फरल रोड पर सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास से गांव नैना निवासी करण उर्फ अंकुश व सौरभ उर्फ बाबा तथा गांव जलमाणा जिला करनाल निवासी सुमित उर्फ सिमी काबू किया था। आरोपियों के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई तरसेम कुमार द्वारा उनको गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपी शनिवार को अदालत में पेश किए गए, जहां से पूछताछ के लिए आरोपी करण व सुमित का 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया, जबकि आरोपी सौरभ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त मामले की आगामी जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए गांव काकोत निवासी रोहित उर्फ भोलर तथा जिला जींद के गांव पेगा निवासी लोकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ था कि आरोपी लोकेश ने करण को साहिल से मिलवाया तथा नंदु गैंग में शामिल करवाया था। वह भी अन्य सदस्यों को असला दिलवाने में सहायता करना, शूटर प्रोवाइड करवाने जैसे काम काम करता है। रोहित को करण ने दिल्ली में कोई वारदात करने के लिए 4 लाख रूपये में शूटर के तौर पर गिरोह में शामिल किया था।

## आर्ट ऑफ लिविंग कपिस्थल आश्रम में आज होंगे सोमनाथ जी के दर्शन

**कैथल।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा देशभर में सोमनाथ जी की यात्रा निकाली जा रही है। कैथल में यह 16 मार्च को आर्ट ऑफ लिविंग के कपिस्थल आश्रम में पहुंच रही है। यहां पर सभी शिव भक्त उनके दर्शन कर पाएंगे। निर्धारित समय के अनुसार शाम 5 से 7 तक सोमनाथ जी का रुद्राभिषेक किया जाएगा और उनके दिव्य दर्शन होंगे। आर्ट ऑफ लिविंग की आचार्या रुचि ने बताया कि सोमनाथ जी हमारे भारतवर्ष के पावन 12 ज्योतिर्लिंगों में से पहले ज्योतिर्लिंग हैं जिनकी स्थापना स्वयं चंद्र देव ने की थी। यह भी माना जाता है कि इस शिवलिंग ने कभी धरती को स्पर्श नहीं किया हमेशा हवा में ही रहा।

## जोहड़ की जमीन पर अवैध निर्माण करने पर उपायुक्त ने पारता महिला सरपंच को किया निलंबित

**टोहाना, 15 मार्च।** उपमंडल के गांव पारता की सरपंच मनप्रीत कौर को जिला उपयुक्त डॉ विवेक भारती ने तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित



कर दिया गया है। निलम्बित का कारण गांव पारता में सरपंच पर अवैध जगह पर सरकारी गली निर्माण में दांधली करने और सरकारी नियमों का उल्लंघन कर अवैध कब्जे को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगे हैं यह सभी उपमंडलदीश टोहाना की जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए तत्काल उपमंडल अधिकारी टोहाना की दी गई रिपोर्ट में मौजूद सरपंच मनप्रीत कौर दोषी पाई गई थी।

जोहड़ भूमि के रास्ते के निर्माण में तत्कालीन ग्राम सचिव व तत्कालीन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी टोहाना द्वारा अनियमितताएं बरती गई थी जिन पर बनती कार्रवाई नियम अनुसार विभागिये की अनुशंसा करने की कही गई थी उस पर जिला उपयुक्त ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर वार्ता सरपंच को 20 फरवरी 2006 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था जिसका जवाब 6 मार्च 2026 को दिया गया उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला उपयुक्त डॉ विवेक भारती ने सरपंच मनप्रीत कौर को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं जब संवाददाता ने गांव के लोगों से इस बारे में बात की तो गांव निवासियों का कहना था कि यह जो अवैध जगह निर्माण कार्य हुआ था वह पूर्व के पंचायत मंत्री के कार्यकाल में हुआ था और जिला उपयुक्त का सिर्फ सरपंच को ही दोषी ठहरा निलंबित करना वह तत्कालीन ग्राम सचिव पंचायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को कालीन चिट देना कहीं नहीं कहीं देता है।

## पापमोचनी एकादशी पर हजारों लोगों ने किया स्नान व पिंडदान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पिहोवा, 15 मार्च।** पापमोचनी एकादशी के पावन पर्व पर हिमाचल से आए लगभग बीस हजार तीर्थ यात्रियों ने मां सरस्वती के जल में स्नान किया तथा अपने पितरों के अक्षय मोक्ष की कामना की। तीर्थ यात्रियों ने अपने पितरों की आत्मिक शांति के लिए पिंडदान भी किया। उल्लेखनीय है कि पिहोवा में लगने वाला चैत्र चतुर्दशी मेला विधिवत रूप से 16 मार्च से प्रारंभ होगा ।जिसमें हरियाणा पंजाब दिल्ली चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों से लाखों यात्री अपने पितरों की आत्मिक शांति के लिए पिंडदान करने आते हैं। परंतु पाप मोचनी एकादशी के अवसर पर हिमाचल प्रदेश से यहां पर तीर्थ यात्री आते हैं ।नगर पालिका



प्रधान व तीर्थ पुरोहित सभा के प्रधान आशीष चक्रपाणि ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश शिमला सोलन कुल्लू मनाली क्षेत्र के श्रद्धालु पापमोचनी एकादशी पर्व पर ही आकर यहां पर पिंडदान का कार्य करते हैं ।हिमाचल में पहाड़ों व गहरी खड्डों के कारण कई बार व्यक्ति की खड्डु में गिरने से मृत्यु हो जाती है तथा उसका शव नहीं मिलता । शव न मिलने वाले मृतकों के आत्मिक शांति के लिए पिंडदान के साथ-साथ यहां पर तीर्थ यात्री पुतला दाह करते हैं ।आटे का पुतला बनाकर उसका संस्कार करते हैं। तथा उसके पश्चात पिंडदान करते हैं ।उन्होंने बताया कि शनिवार से ही श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं । शनिवार से ही यहां पर पिंडदान का कार्य कर रहे हैं ।क्योंकि शनिवार व रविवार दोनों दिन एकादशी पर्व है ।इस कारण श्रद्धालु लगातार शनिवार रविवार को आए ।व उन्होंने पिंडदान आदि का कार्य किया। तीर्थ यात्रियों ने बाद में कार्तिकेय मंदिर में जाकर तेल चढ़ाया तथा दीप प्रज्वलित किया। हिमाचल के अन्य क्षेत्रों से त्रयोदशी चतुर्दशी को यात्री आएंगे।

वहीं दूसरी और जहां मिले के प्रशासन द्वारा प्रबंध किए जा रहे हैं वहीं सरोवर के आसपास भिखारियों का जमावड़ा लगने लगा है। इसी के साथ-साथ हरियाणा पंजाब यूपी बिहार से भी आकर ब्राह्मणों ने सरस्वती सरोवर के तट पर अपने आसन लगा लिए। हालांकि सीडीओ पर बैठे होने से स्नान करने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है परंतु पिंडदान का कार्य करने के लिए उन्होंने इन स्थानों पर अपना कब्जा कर लिया है।

## कार्यकर्ताओं को अपडेट करने के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण: रमेश

### एआई तकनीक और बूथ प्रबंधन से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**घरौंडा, 15 मार्च।** घरौंडा विधानसभा के मधुबन मंडल के गांव कम्बोपुरा के कम्यूनिटी हाल में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मण्डल के सूचीबद्ध सैकड़ों कार्यक्रताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर 5 सत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत पिछड़ा वर्ग चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित करके की।

प्रथम स्तर में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी की आत्मा है और अंत्योदय उसका मंत्र है। उन्होंने कहा यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं में राष्ट्रवाद, सेवा भाव और वैचारिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना है, जो भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाती है।प्रशिक्षण को कार्यकर्ता निर्माण की निरंतर साधना बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठन की मजबूती, जनसेवा, वैचारिक प्रतिबद्धता, और मूल्य आधारित राजनीति को बढ़ावा देना।

दूसरे स्तर में गोरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को भाजपा के इतिहास, कार्य पद्धति,एआई तकनीक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक द्वारा सरकार की उपलब्धि को सोशल मीडिया के माध्यम से किस प्रकार से जागरूक जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे स्तर में मुख्य वक्ता राजबीर शर्मा ने बूथ समिति संगठन की सबसे बुनियादी और निर्णायक इकाई विषय पर बोलते हुए कहा कि बूथ समिति में समाज के सभी वर्गों का समावेश होता है।भाजपा में जमीनी कार्यकर्ता ही अपने परिश्रम से शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद हमें सिखाता है कि राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति है। इसलिए यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में समाज के प्रति संवेदनशीलता और दायित्व बोध जागृत करने का भी सशक्त माध्यम है।

चौथे स्तर में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की चैयरपर्सन निर्मला बैरागी ने भाजपा की कार्यकारिणी समितियों की बैठकों को वर्चुअल करने व फिजिकल करने पर रजिस्टर में बैठक की कार्यवाही करके सभी को आगामी योजनाओं की जानकारी लिखनी और सभी आवश्यकता एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की अपेक्षाओं के बारे में भी जानकारी दी।

पांचवे सत्र में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने संबोधन से पहले सभी कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा स्पीकर की माता जी के निधन पर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

उन्होंने वर्तमान सरकार की मुख्य उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री 2047 के लक्ष्य को को लेकर काम कर रहे हैं।2047 में देश विश्वगुरू बनने जा रहा है ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है।

## सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु एचवीएएस ने शुरू किया अभियान: रामफल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 15 मार्च।** आगामी सत्र में सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ने हेतु अभियान की शुरुआत जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी सिकंदर में गांव के मौजीज लोगों व विद्यालय स्टाफ की संयुक्त मीटिंग से की गई। इसकी अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि गुरबचन सिंह ने व संचालन जन संघर्ष मंच के राज्य प्रधान एवं ग्रामवासी कामरेड फूल सिंह ने किया।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की तरफ से राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया व लछ्मन शास्त्री मौजूद रहे। मीटिंग में स्कूल में घट रही छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त की गई और आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने हेतु गांव स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें गुरबचन सिंह को प्रधान व चंचल सिंह, मास्टर जिले सिंह, नरेश कुमार, पूर्व सरपंच दिनेश चंद, जयपाल सिंह, कामरेड फूल सिंह, मास्टर खुशी राम, देवेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, सुभाष चंद, पूर्व सरपंच संजीव कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सतपाल, संजीव नंबरदार व पंच अमन कुमार को सदस्य बनाया गया। कमेटी की अगली बैठक 20 मार्च को की जाएगी और इसके बाद पूरे गांव से मौजिज लोगों की विस्तारित बैठक की जाएगी। रामपाल शर्मा ने बताया कि सरकारी स्कूलों के ढांचे को हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन देकर अपने पैसों से भवन बनाकर इस उम्मीद से खड़ा किया था कि आने वाली पीढ़ी इनमें शिक्षा ग्रहण करेगी और सरकारी रोजगार प्राप्त करने के साथ साथ बेहतर समाज का निर्माण करेंगी। पर प्राइवेट स्कूलों की बनावटी चकाचौंद और सामाजिक दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेज रहे हैं, जबकि हर तरह की सुविधा व प्रशिक्षित शिक्षकों के होते हुए भी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या का कम होना चिंता का विषय है।

## बच्चों की रोज़ा इफ्तारी में खुशियों का पैगाम

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल, 15 मार्च।** बच्चों की रोज़ा इफ्तारी में खुशियों का पैगाम गैब से रहमत बरसती हैं । अल्लाह ताला कीरजा के लिए रखा रोज़ा,,आमान कूददूसी ऐसे कार्यक्रम आपसी सौहार्द के लिएबहुत ज़रूरी है सुरेश पाल कश्यप चेयरमैन करनाल रमजान माह के 25 वे रोजेमुबारक के मौके पर हजरत मोहम्मद बाबरहुसैन कुददूसी सज्जादा नशीन दरगाह शरीफ नीला रोज़ा शाहा अब्दूलरज्जाक अल्वी सहाब झिंझानवी के दो नन्हें नन्हें फूल से बच्चों ने रोज़ा रखाआमना बाजी कूददूसी उम्र 7 वर्ष सात साल मोहम्मद हसन मियां कूददूसी उम्र 6 वर्ष छै साल दोनों बच्चों ने जबरदस्ती घरवालों के मना करने के बावजूद भी आज का 25 वा रोज़ा रखने की ख़ुशी मेंरात भर जाग कर नीद को भी अपने पास नहीं आने दिया बच्चों की अम्मी डाक्टर सदिका कूददूसी बताती है हम बच्चों की जिद्द के सामने हारगई बेटी



आमना कुददूसी, मोहम्मद हसन मियां कूददूसीने पहले रात भर जाग कर स्कूल का होम वर्क किया फिर पेपर की तयारी कीतीन बजे नहा धोकर तैयार हो गए सहेरी खाने के लिए दोनों बच्चों की जिद्द थी किजुम्मे का रखेंगे मगर मैने जान बुज कर नहीं उठाए क्योंकि बच्चें है जिद्द तोकरते ही हैं रोज़ा नहीं रख सकते हैं बड़ो की ही भूख प्यास तो लगती ही है मगरआज रात तो सोए ही नहीं हम सब घर वालों से पहले सुबह सादिक उठकर कर तैयारहो कर हम सब के साथ बैठ कर साहेरी खाई उधर बच्चों के वालिद ए मोहतरमबाबर हुसैन कुददूसी ने बताया की हमारे दोनों बच्चों ने रोज़ा रखा है आजहमारे घर में अल्लाह ताला की रहमत बरस रही है आज के वक्त ऐसे बच्चें कहामिलते हैं जो रोज़ा नमाज़ पूजा पाठ करने वाले हों आज हमारे घर में ईद उलफितर से पहले ईद जैसा माहौल बना हुआ है जब बच्चों ने रोज़ रख लिया अपनी जिद्दपर तो हमने भी अपने रिश्तेदारों साहित सभी धर्मो के सूफ़ी संतों पीर फ़कीरफुकरा रूहानियत से जुड़े व्यक्तियों के अलावा कस्बे वासियों को भी रोज़ा इफ्तार पार्टी में दावत दी गई है जिनमें मुख्य रूप से श्री सुरेश पाल कश्यप चेयरमैन नगर पंचायत , राहुल देवगुप्ता भाजपा नेता, डाक्टर सतीस कुमार कश्यप भाजपा नेता, विनोद कुमार संगलव्यापार मंडल अध्यक्ष भाजपा , इकराम सिद्दीकी सभासद नगर पंचायत, राकेश कुमार गोयल पूर्वचेयरमैन, शान मियां पैप्सी, जिशान अहमद, शनावाज सभी रिश्तेदारों में नाना नानी, दादा दादी, मामा मामी,चाचाचाची फूफा फुफी, चाचा चाची सहित पुलिस अधिकारों पत्रकारों समेत सामाजिककार्यकर्ता ने रोजा इफ्तार किया।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं-

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

चीनी और शहद स्क्रब

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं- दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें- ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें- खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर-

सेहतमंद दिल- दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।


डायबिटीज कंट्रोल- दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर- दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम- दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय-

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में-

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरेपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट


एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियों दूर रहती है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.–22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज–2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.–365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888–86909, ई–मेल : panchkulaobservernews@gmail.com